अतिमहत्वपूर्ण/शीर्षप्राथमिकता/ई-मेल द्वारा।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0मोड/निजी क्षेत्र की संस्थायें।

पत्रांक प्राशिप/अनु04/प्रयो0परी0दिस0-2024/10589 **लखनऊः दिनांकः-**29/1/25

विषयः विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर-2024 की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय पत्रांक प्राशिप/अनु04/प्रयो0परी0दिस0 2024/10165, दिनांक 08/01/2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर दिसम्बर-2024 की प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 16/01/2025 से दिनांक 25.01.2025 तक संपन्न कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

अवगत कराना है कि परिषद निर्देशों के बावजूद भी कतिपय संस्थाओं द्वारा उपरोक्त निर्धारित तिथि तक प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न नहीं करायी गयी है तथा प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि बढायें जाने के संबंध में अनुरोध किया गया है। अतः उक्त के कम में विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर दिसम्बर-2024 की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराने की तिथि दिनांक 02/02/2025 तक बढ़ायी जाती है। साथ ही यह भी अगवत कराना है कि उक्त तिथि के उपरान्त प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु तिथि नहीं बढ़ायी जायेगी।

अतः निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक दशा में दिनांक 02/02/2025 तक प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराना सुनिश्चित करें। यदि आप द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न नहीं करायी जाती है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक का होगा। शेष निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

भवदीय

29/01/25

(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उप सचिव/कृते सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु04/प्रयो0परी0दिस0-2024/10590-92 **तद्दिनांकः-**29/1/25

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, दौराला मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त के संबंध में अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त पालीटेक्निक संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।

29/01/25

(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उप सचिव/कृते सचिव।